नागरिकों एवं व्यापारियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की दी गई जानकारी
4




## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**
Advt.


## खबर संक्षेप

### पूर्व उपमुख्यमंत्री मंत्री टी.एस. सिंहदेव का राहौद आगमन आज

**राहौद।** प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का बुधवार 10 जून को जिले के राहौद नगर में आगमन होगा । पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे अपराह्न 3:40 बजे सड़क मार्ग से नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष संतोष गुप्ता के निवास पहुंचेंगे, जहां कांग्रेसजनों एवं स्थानीय नागरिक जन उनका आत्मीय मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात सायं 4 बजे वे नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रह्लाद देवांगन के निवास में राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करेंगे । इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती एवं जनहित के मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया करेंगे। कार्यक्रम में नगर एवं क्षेत्र के अनेक कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित मौजूदगी में श्री सिंहदेव का स्वागत करेंगे।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय में संचालित आईटीआई में 29 मई से 15 जून तक इलेक्ट्रीशियन ,फिटर, कोपा ,वेल्डर ,ट्रेड में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, वही तीन चरणों में प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट जारी किया जाएगा। साथ ही तीन दिन विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षणार्थी प्रवेश ले सकेंगे।

### सहसराम देव की जयंती पर तीन दिवसीय मेला आज से

**जांजगीर-चांपा।** गुरु सहसराम देव की 174 वीं जयंती पर तीन दिवसीय मेला का शुभारंभ 10 जून को सूर्यांश धाम खोखरा (जांजगीर) में गुरु सहसराम देव की पूजा अर्चना से होगा। नगर पालिका परिषद जांजगीर के अध्यक्ष रेखा देवा गढ़वाल के मुख्य आतिथ्य एवं शांति सुखदेव टाइगर, हेमंत पैगवार, रूपनारायण सूर्यवंशी, अनिता राजू सूर्यवंशी जनपद पंचायत सदस्य के विशिष्ट आतिथ्य सहित समाज के सामाजिक पदाधिकारी गण, सरपंचगण एवं नगर के पार्षदों के उपस्थित में संपन्न होगा। बुधवार 10 जून को शुभारंभ के पूर्व प्रातः काल गुरु वंदना, चौका आरती का आयोजन किया है। शुभारंभ होने के पश्चात सोनहा सुरता लोक कला मंच सहित विभिन्न दलों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रंगारंग प्रस्तुतिकरण होगा ।

### टांगी से हमला कर काट दिया कान, आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** उधार दिए गए 10 हजार रुपये वापस मांगना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। पैसे मांगने से नाराज आरोपी ने पहले गाली-गलौज की, फिर टांगी से हमला कर प्रार्थी का दाहिना कान काट दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अकलतरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खोंड निवासी रघुनंदन प्रसाद पाण्डेय ने 8 जून को थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने पिछले वर्ष दीपावली से पूर्व परिचित शनि केंवट को मकान निर्माण के लिए 10 हजार रुपये उधार दिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी रकम वापस नहीं मिलने पर उसने 8 जून की रात करीब 8 बजे गांव में मिले शनि केंवट से अपने पैसे लौटाने की मांग की। बताया गया कि पैसे मांगने पर आरोपी शनि केंवट भड़क गया और रकम लौटाने से साफ इनकार कर दिया।

एक दिन पहले ही दुष्कर्म के आरोप में हुआ था जेल दाखिल

# जिला जेल में फांसी के फंदे पर लटकती मिली कैदी की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला जेल खोखरा में दुष्कर्म के आरोपी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक दिन पहले ही उसे जेल दाखिल किया गया था। जेल के अंदर बाथरूम में उसकी लाश कपड़े के फंदे पर लटकती मिली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जिला जेल खोखरा में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब दुष्कर्म के आरोपी की फांसी के फंदे पर लटकती लाश मिली। नाबालिग से दुष्कर्म के प्रकरण में उसे गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेजा गया था। जेल के बाथरूम में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दरअसल कोरबा जिले के बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के ग्राम जवाली निवासी 21 वर्षीय दुवास केंवट के खिलाफ बलौदा थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। बलौदा पुलिस ने दुवास केवट को सोमवार 8 जून को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ धारा 64, 65 (1), 69 बी एन एस व धारा 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल खोखरा दाखिल कराया गया। मंगलवार 9 जून की सुबह दुवास केवट ने जेल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जेल परिसर के बाथरूम में कपड़े का फंदा बनाकर उसने फांसी लगा ली। जब काफी देर तक उसकी गतिविधि नजर नहीं आई तो जेल कर्मियों ने तलाश शुरू की। इस दौरान उसका शव कपड़े के फंदे पर लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही जेल में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी जिला जेल पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। सिटी कोतवाली पुलिस के साथ ही फोरेंसिक और साइबर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल-** जेल में दाखिल होने के अगले ही दिन दुष्कर्म के आरोपी द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था को भी सवालों के घेरे में ला दिया है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस और जेल प्रशासन यह जानने का प्रयास कर रही है कि दुवास केवट ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया। शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना से जुड़े तथ्यों का खुलासा हो सकेगा।





मौके पर पहुंचकर जांच करती अफसरों की टीम।

#### कैमरे में नजर आ रही गतिविधि

सुबह बैरक से बाहर निकलने के बाद कैमरे में उसकी गतिविधि नजर आ रही है। कबाड़ के पास कपड़े से रस्सी का जुगाड़ किया है, इसके बाद महिला खंड के बाथरूम के वेंटिलेशन ग्रिल में फंदा लगाकर उसने अपनी जान दे दी। न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में पंचनामा हुआ, पोस्टमार्टम की कार्रवाई हुई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

**देव टोंडर,** जेल अधीक्षक
जांजगीर-चांपा

#### कर रहे जांच

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में बलौदा पुलिस ने दुवास केंवट को गिरफ्तार किया था। सोमवार को उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया था। मंगलवार की सुबह जेल के बाथरूम में उसकी लाश कपड़े के फंदे पर लटकती मिली। मामले में हर पहलू पर बारिकी से जांच की जा रही है। फोरेंसिक और साइबर टीम की भी मदद ली जा रही है।

**-योगिया खापर्डे,**
सीएसपी जांजगीर



किसानों को खाद वितरण करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल एवं अन्य।

## कृषि विभाग की नई पहल, जब्त खाद को निर्धारित दर पर किसानों में कराया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रदेशभर में खाद की किल्लत और कालाबाजारी से जूझ रहे किसानों के बीच जांजगीर-चांपा जिले में कृषि विभाग की एक पहल चर्चा का विषय बन गई है। जहां एक ओर किसान यूरिया और अन्य उर्वरकों के लिए भटक रहे हैं तथा निर्धारित मूल्य से कई गुना अधिक कीमत चुकाने को मजबूर हैं, वहीं जिले में ओवररेट पर बेचते जब्त की गई यूरिया खाद को प्रशासन ने सीधे किसानों तक पहुंचाकर राहत दी है।

कृषि विभाग ने गत 2 जून को जिला मुख्यालय स्थित नानकचंद-नंदकिशोर कृषि केंद्र में छापामार कार्रवाई कर यूरिया खाद की कालाबाजारी पकड़ी थी। खास बात यह है कि उपसंचालक कृषि राकेश शर्मा किसने की शिकायत पर स्वयं किसान बनकर खाद देने पहुंचे थे और दुकान संचालक में उन्हें 266 रुपये प्रति बोरी निर्धारित यूरिया को 850 रुपये लेकर बेच दिया। इसके बाद विभाग ने खाद की जब्ती बनाते हुए गोदाम को सील कर दिया था।कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार 9 जून को जब्त की गई यूरिया खाद का वितरण उसी कृषि केंद्र से कराया गया। विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में 200 से अधिक लघु एवं सीमांत किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराई गई। किसानों को सीधे खाद मिलने से उनके चेहरों पर संतोष और राहत साफ दिखाई दी।उप संचालक कृषि राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि कृषि केंद्र द्वारा निर्धारित मूल्य से कई गुना अधिक दर पर यूरिया बेचने की पुष्टि होने पर कार्रवाई की गई थी। जब्त खाद को किसानों के हित में निर्धारित मूल्य पर वितरित कराया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में खाद दुकानों की लगातार निगरानी की जा रही है और ओवररेटिंग या कालाबाजारी करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

#### खास बात

- किसान बनकर पहुंचे उप संचालक कृषि को ही 266 का यूरिया बेच दिया था 850 में

## रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन मामले को लेकर धरना पर बैठे विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। नवागढ़ विकासखंड के केवा-नवापारा क्षेत्र में ग्रामीणों की शिकायत के बाद जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप सोमवार शाम मौके पर पहुंचे और अवैध रेत कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर धरने पर बैठ गए। देर रात तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद प्रशासन की कार्रवाई के पश्चात धरना समाप्त हुआ। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत खनन और परिवहन जारी है। भारी वाहनों की आवाजाही से गांव की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और विरोध करने वालों को धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही थी। जानकारी के अनुसार विधायक ने मौके से ही राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन की सूचना दी। इसके बाद वे ग्रामीणों के साथ सड़क पर बैठ गए। इसके बाद विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे अवैध रेत परिवहन में संलिप्त पांच हाईवा वाहनों को जब्त किया।

## कोयला भट्ठों पर वन विभाग की कार्रवाई, किए गए ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अवैध रूप से संचालित कोयला भट्ठों पर कार्यवाही को लेकर वन विभाग का अमला मुस्तैद हो गया है। इसी के तहत बलौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत महुदा में संचालित कोयला भठठो को ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई है।

ज्ञात हो कि बलौदा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत महुदा चाम्पा में अवैध रूप से कोयला भठठा संचालन को लेकर जानकारी मिली थी। जिसके आधार पर मंगलवार 9 जून को वन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा गांव में दबिश दी गई। इस बीच ग्राम महुदा में नदी किनारे एक निजी जमीन पर कुछ लोगो के द्वारा चारकोल भट्ठों का संचालन किया जा रहा है, जिसके आधार पर टीम वहां स्थल पर पहुंची।

साथ ही साथ संचालन को लेकर किसी तरह का दस्तावेज मिला और ना ही कोई जिम्मेदार व्यक्ति संचालन को लेकर पहुंचे, जिसके आधार पर वन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा लकडी जलाकर कोयला बनाने के मामले में कार्यवाही करते हुए कोयला के साथ लकडी को जब्त किया गया। वहीं स्थल को भी सुरक्षित किया गया। वन विभाग के अफसरो का कहना है कि इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। इसके पूर्व सोमवार 8 जून को सक्ती जिले के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध रूप से संचालित ईट भठठो पर कार्यवाही करते हुए बडी मात्रा में ईट का परिवहन, चूना पत्थर का अवैध रूप से परिवहन समेत विभिन्न मामलो को लेकर 4 प्रकरण भी बनाऐ गऐ थे।

- बलौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत महुदा का मामला



जेसीबी के माध्यम से कार्रवाई करता वन विभाग का अमला।

#### की गई कार्रवाई

महुदा गांव में अवैध रूप से कोयला भट्ठों के संचालन को लेकर मामला सामने आया है, जिसके आधार पर संयुक्त टीम के द्वारा दबिश देकर जांच की गई। जांच के दौरान कार्यवाही करते हुए भट्ठों को ध्वस्त किया गया है।

**-होरेश शर्मा,** एसडीओ,
वन मंडल, चाम्पा

वरिष्ठ कांग्रेसियों के निवास पहुंचकर की आत्मीय मुलाकात

## पूर्व डिप्टी सीएम टीएस का आगमन, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव (टीएस बाबा) के अकलतरा आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह नजर आया। श्री सिंहदेव ने कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात की और उनसे चर्चा भी की।

टोल नाका के समीप विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार पहनाकर उनका अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। नगर प्रवास के दौरान टीएस बाबा ने पार्षद धनराज सिंह चौहान, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष भविष्य चंद्राकर, पूर्व जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सैयद साकिब सफीक, पूर्व हज कमेटी प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू सिंह तथा ग्राम खटोला के सरपंच श्याम सरोज सिंह के निवास पहुंचकर कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठन की गतिविधियों एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। दोपहर में उन्होंने विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के निवास पर भोजन किया। इसके पश्चात वे बलौदा के लिए रवाना हुए, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात एवंसंगठनात्मक कार्यक्रम में शामिल हुए। टीएस बाबा के आगमन को लेकर पूरे दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान रवि सिसोदिया, सुधीर सिंह सिसोदिया, पूर्णेंद्र सिंह राणा, अरुण सिंह राणा, दिवाकर राणा, जितेंद्र वर्मा, जितेंद्र सिंह, प्रतिपाल सिंह, अशोक अग्रवाल, महेश्वर टंडन, प्रशांत शर्मा, रविन्द्र साहू, हर्षवर्धन सिंह, अविनाश साहू, राजू राठी, राजू जैन, गगन गुरुद्वान, राजकुमार सिंह, सौरभ सिंह, जयदीप सिंह, सुमित केडिया, पृथ्वीराज सिंह, राहुल बंजारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।



कांग्रेस पदाधिकारियों से चर्चा करते पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव।

## नवागढ़ सहकारी बैंक में नहीं मिल रही पूरी राशि, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

जिला सहकारी बैंक की नवागढ़ शाखा में किसानों की परेशानी कहीं खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। धान खरीदी के दिनों यहां कैश की किल्लत होती ही थी वर्तमान में भी किसानों को उनके खाते की पूरी राशि देने में आनाकानी की जा रही है। इतना ही नहीं यहां के स्टाफ के रुखे व्यवहार से किसान बेवजह परेशान होते है।

धान खरीदी बंद हुए लगभग तीन माह बीत चुके हैं, इसके बावजूद शाखा में नकदी की किल्लत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। बैंक पहुंचने वाले किसानों का आरोप है कि घंटों कतार में खड़े रहने के बाद भी उन्हें आवश्यकतानुसार पूरी राशि नहीं मिल पा रही है, जिससे खेती-किसानी और घरेलू जरूरतों के काम प्रभावित हो रहे हैं। किसानों के अनुसार शाखा के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी बाहर से आना-जाना करते हैं। इसके कारण बैंक का लेनदेन संबंधी कार्य समय पर शुरू नहीं हो पाता और सुबह से पहुंचे किसानों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। बैंक खुलने से पहले ही परिसर में किसानों की भीड़ लग जाती है, लेकिन कार्यवाही देर से शुरू होने के कारण लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। मंगलवार को ग्राम तुलसी सहित आसपास के गांवों से कई किसान अपनी जमा राशि निकालने बैंक पहुंचे थे। किसानों का कहना है कि काफी देर तक प्रतीक्षा करने के बाद भी उन्हें पूरी राशि उपलब्ध नहीं कराई गई। कुछ किसानों ने कैश की कमी का हवाला देकर भुगतान सीमित किए जाने का आरोप लगाया। वहीं बैंक के कैशियर के व्यवहार को लेकर भी किसानों ने नाराजगी जताई है। किसानों का कहना है कि उनकी समस्याएं सुनने के बजाय कर्मचारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। मामले को लेकर किसानों ने जिला सहकारी बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत भी की है।

- कतार में खड़े किसानों से सीधे मुंह बात तक नहीं करते कर्मचारी

#### करेंगे निर्देशित

कैश की किल्लत अभी नहीं होनी चाहिए। इस बारे में जानकारी ली जाएगी। बैंक के सभी ग्राहक व किसानों से किसी प्रकार गलत व्यवहार नहीं होना चाहिए। इस बारे में नोडल अधिकारी और ब्रांच अधिकारी से बात करके निर्देशित करेंगे।

**-प्रभात मिश्रा,** सीईओ,
जिला सहकारी बैंक बिलासपुर

खबर संक्षेप



## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रियांशी ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जिले की नन्ही कथक नृत्यांगना रियांशी श्रीवास ने शानदार प्रस्तुति देकर द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले व शहर का नाम गौरवान्वित किया है। रियांशी श्रीवास डीएवी स्कूल की कक्षा चौथी की छात्रा है। बीते दिनों आयोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे 3 सौ से अधिक प्रतिभागियों ने नृत्य, संगीत एवं ललित कला की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच रियांशी ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों और दर्शकों का मन जीत लिया। रियांशी इससे पूर्व भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में गोवा, जयपुर, नागपुर, रायपुर, दुर्ग तथा रायगढ़ में अपनी प्रस्तुतियां देकर अनेक पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं। रियांशी की इस उपलब्धि पर उनके पिता गौतम श्रीवास, माता प्रतिभा श्रीवास, गुरुजनों एवं परिवार के सदस्यों ने हर्ष व्याप्त है।

## जायसवाल महिला सभा इकाई की बैठक संपन्न



**कटघोरा।** जायसवाल महिला सभा इकाई की बैठक कांति निवास स्थान कटघोरा में संपन्न हुआ। बैठक के दौरान इकाई जिला अध्यक्ष शकुंतला जायसवाल एवं इकाई अध्यक्ष रंजू डिक्सेना चर्चा के दौरान कहा कि पर्यावरण के दिवस के अवसर पर पेड़ पौधे लगाना तो अनिवार्य है परंतु अपने-अपने जन्मदिन ,शादी सालगिरह एवं खुशी के मौके पर एक-एक पेड़ पौधे लगाए और लोगो को संदेश भी देवे की पेड़ पर हरा भरा पेड़ पौधे न काटे बल्कि पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर शकुंतला जायसवाल जिला अध्यक्ष ,श्रीमती ललिता डिक्सेना पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कटघोरा, सुनीता जायसवाल, पुष्पा डिक्सेना, अनीता डिक्सेना, पुष्पा डिक्सेना, मुक्ता जायसवाल, किरण जायसवाल, पूनम जायसवाल, अर्चना डिक्सेना, एवं लीना जायसवाल उपस्थित रही।

## परिचय मैठाणी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह-संयोजक नियुक्त



**कोरबा।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी-कोरबा की घोषणा के साथ ही ढेलवाडीह के युवा कार्यकर्ता परिचय मैठाणी को जिला सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति वरिष्ठ नेताओं की सहमति और जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अनुशंसा पर जिला संयोजक संजीव शर्मा द्वारा की गई है। आरएसएस पृष्ठभूमि से जुड़े नवनियुक्त सह-संयोजक श्री मैठाणी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे व्यापारी हितों और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर स्थानीय व्यापारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

# दर्री जोन के वार्डों की बस्तियों में बनेंगी डामरीकृत सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आशीर्वाद से विगत ढाई वर्ष के दौरान निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न मदों के अंतर्गत लगभग 1000 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत किये गये हैं, जिसमें अनेकों कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं, अनेक प्रगति पर हैं तथा शेष कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने जा रहे हैं। वार्ड क्र. 54 में 93 लाख रूपये के विकास कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं, वहीं साढे.3 करोड़ रूपये के विकास कार्य प्रगति पर हैं। निगम क्षेत्र में 15 करोड़ रूपये के सड़क डामरीकरण कार्य कराये जाने हैं, जैसे-जैसे डामर की उपलब्धता होती जायेगी, यह कार्य संपादित होंगे।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने दर्री जोनांतर्गत वार्ड क्र. 54 में 40 लाख रूपये की लागत से किये जाने वाले सड़क डामरीकरण कार्य के भूमिपूजन के दौरान कही। उन्होने कार्य का शुभारंभ करते हुये पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करने एवं शीघ्र कार्य को पूरा किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उल्लेखनीय है कि दर्री जोनांतर्गत वार्ड क्र. 54 में कुमगरी मुख्य चौक से पण्डाल होते हुये प्राथमिक शाला कुमगरी तक 40 लाख रूपये से सड़क डामरीकरण का कार्य किया जाना हैं। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने उक्त महत्वपूर्ण विकास कार्य का भूमिपूजन किया, शिलान्यास पट्टिका का अनावरण व नारियल तोड़कर का कार्य शुभारंभ कराया। इस अवसर पर वार्ड क्र.54 के पार्षद मुकुंद सिंह कंवर ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन इस बस्ती में आये हुये थे, यहाँ की सड़क अत्यंत जर्जर थी, उन्होने वायदा किया था कि इस सड़क का डामरीकरण व जीर्णोद्धार का कार्य किया जायेगा, आज हम सब बस्तीवासियों के लिये अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि श्री देवांगन ने अपना वह वायदा पूरा किया, और आज बस्ती की सड़क का डामरीकरण व जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो चुका है। इस अवसर पर पार्षद नरेन्द्र देवांगन, वार्ड पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, फिरतराम साहू, चन्द्रलोक सिंह, किशन केंवट आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### उद्योग मंत्री ने किया कार्य का शुभारंभ

**खास बात**

- निगम क्षेत्र में 15 करोड़ की लागत से वार्ड की सड़कों का कराया जाएगा डामरीकरण




## जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने बच्चों से संवाद कर बेहतर कैरियर निर्माण के लिए दिया मार्गदर्शन

# सही मार्गदर्शन और सतत प्रयास से हासिल करें सफलता : लखन लाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कार्यक्रम में किताब का विमोचन करते उद्योग मंत्री, महापौर, सभापति, विधायक, कलेक्टर, एसपी व अन्य।

वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास और सही कैरियर मार्गदर्शन की महत्ता बढ़ गई है। प्रत्येक विद्यार्थी में असीम संभावनाएं होती हैं, आवश्यकता उन्हें पहचानकर सही दिशा में आगे बढ़ने की है। विद्यार्थी अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें। राज्य शासन युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण तथा रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने राजीव गांधी ऑडिटोरियम ट्रांसपोर्ट नगर में 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत, निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, ओएसडी तरुण कुमार किरण, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारियों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विषय चयन, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार एवं स्वरोजगार के विविध अवसरों की जानकारी प्रदान कर उनके भविष्य निर्माण के लिए उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना था। मुख्य अतिथि द्वारा संदर्शिका किताब का विमोचन भी किया गया, जिसमें राज्य स्तर एवं अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षाओं का आयोजन किस प्रकार किया जाता है, उनकी चयन प्रक्रिया क्या है, इसके संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई है। कलेक्टर श्री दुदावत द्वारा विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्धारित करने तथा निरंतर परिश्रम के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल शैक्षणिक उपलब्धियां ही नहीं, बल्कि कौशल, नवाचार और सकारात्मक सोच भी सफलता के महत्वपूर्ण आधार हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। आयुक्त नगर निगम श्री पांडेय कोरबा के परिवेश को कहानी के माध्यम से बताते हुए मोबाइल के लाभ एवं हानियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। सीईओ श्री नाग द्वारा बच्चों को आगे बढ़ने के अवसरों की जानकारी दी गई। हेमंत जायसवाल, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) के क्षेत्र तथा मोबाइल के माध्यम से समय का सदुपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। विशाल राजपूत, जिला चिकित्सालय कोरबा द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने की संभावनाओं, उसकी शाखाओं तथा तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसी प्रकार दीपेश भारती, जिला रोजगार अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रकार के रोजगार अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। राजीव लिल्हारे, प्रबंधक (तकनीकी), सीपेट कोरबा द्वारा प्लास्टिक के उपयोग एवं विभिन्न तकनीकों के संबंध में जानकारी दी गई। देवेंद्र कंवर, उप संचालक, कृषि विभाग, कोरबा द्वारा कृषि विज्ञान, खाद उत्पादन, मत्स्य पालन, कृषि कार्य तथा मधुमक्खी पालन जैसे रोजगारोन्मुखी कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। एम.एम. जोशी, शासकीय महाविद्यालय कटघोरा द्वारा कला संकाय (आट्र्स) की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि आट्र्स के विद्यार्थी भी किसी से कम नहीं होते तथा स्वयं पर किया गया विश्वास ही सफलता की ओर ले जाता है। श्रीमती उपासना पाठक, व्याख्याता, शासकीय हाई स्कूल अजगरबहार द्वारा कंप्यूटर शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। सुश्री तस्कीन, डी.आई.ओ., एन.आई.सी. द्वारा एम.एससी., एम.सी.ए., एम.टेक., सेट इत्यादि पाठ्यक्रमों एवं परीक्षाओं के संबंध में जानकारी दी गई, जिनके माध्यम से आई.टी. कंपनियों एवं अन्य क्षेत्रों में अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं तथा कौशल विकास किया जा सकता है। पूरे कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता निभाई गई। जिला शिक्षा अधिकारी ताम्रेश्वर उपाध्याय द्वारा सभी अतिथियों एवं अधिकारियों को स्मृति-चिन्ह प्रदान किए गए। दोनों सत्रों में कुल 1047 विद्यार्थी एवं 200 अभिभावकों की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति एवं विशेषज्ञों के उपयोगी मार्गदर्शन से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं सार्थक रहा।

# ठेका श्रमिकों और भू-विस्थापितों की मांगों को लेकर महासभा 12 को



खदान में सांकेतिक प्रदर्शन करते भूविस्थापित व ठेका श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयलांचल क्षेत्र के ठेका श्रमिकों और भू-विस्थापितों के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए आगामी 12 जून को कुसमुंडा में महासभा का आयोजन किया जाएगा। महासभा का मुख्य एजेंडा समान काम समान वेतन और स्थानीय भू-विस्थापितों को उनका वाजिब हक दिलाना है। महा-आयोजन को सफल बनाने के लिए अशोक पटेल, संतोष चौहान, विनोद सारथी और गोविंदा सारथी लगातार जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं। इन नेताओं ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों और आउटसोर्सिंग कंपनियों में ठेका श्रमिकों व भू-विस्थापितों के बीच पहुंचकर सघन जनसंपर्क किया और चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महासभा का नेतृत्व राष्ट्रीय कालरी वर्कर्स फेडरेशन (आरसीडब्ल्यूएफ) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रोफेसर भागवत प्रसाद दुबे कर रहे हैं महासभा की तैयारियों को लेकर प्रोफेसर दुबे ने सभी ठेका श्रमिकों और भू-विस्थापितों से एकजुट होने की भावुक और पुरजोर अपील की है। श्री दुबे ने कहा मजदूरों और भू-विस्थापितों के साथ लंबे समय से हो रहे शोषण के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई का वक्त आ गया है हमें आज संघर्ष की राह चुननी होगी ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्जवल सुरक्षित और बेहतर बन सके यह महासभा केवल एक बैठक नहीं बल्कि हमारे हक की क्रांति की शुरुआत है। समान काम के लिए समान वेतन का नियम सख्ती से लागू हो भू-विस्थापितों को रोजगार उचित मुआवजा और पुनर्वास की बेहतर सुविधाएं मिलें ठेका श्रमिकों का आर्थिक व मानसिक शोषण तुरंत बंद हो।

## साडा कन्या स्कूल में मनाया गया विश्व महासागर दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार को शास.कन्या उ.मा.वि.साडा कोरबा में विश्व महासागर दिवस मनाया गया जिसमें विद्यालय के सभी एनसीसी केडेट्स छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। छात्राओं के साथ उनके पालक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में महासागर पर हो रहे प्रदूषण एवं हानिकारक प्रभावों पर विशेष चर्चा की गई तथा उससे बचने के विकल्पों पर प्रकाश डाला गया। प्लास्टिक से महासागरों में हो रहे हानिकारक प्रभावों का उल्लेख करते हुए उनके निदान का उपाय बताया गया जिससे कि महासागर एवं महासागरीय जीवों पर हो रहे दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता बी के निराला, प्रधान पाठक बी एल देवांगन, सीनियर अंडर ऑफिसर एनसीसी हरप्रीत सिंह, विद्यालय के एनसीसी केयर टेकर ऑफिसर राज नारायण सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

## कर्मचारी संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा कोरबा एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों की सहमति से राज्य शासन का ध्यान कर्मचारियों एवं पेंशनरों की लंबित मांगों की ओर आकर्षित करने के लिए दिनांक 10 जून 2026, बुधवार को भोजन अवकाश के दौरान ज्ञापन सौंपा जाएगा।संघ के जिला अध्यक्ष विनय सोनवानी एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रभात शर्मा ने संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का लाभ प्रदान किया गया है, जबकि प्रदेश के लगभग साढ़े चार लाख शासकीय कर्मचारी, अधिकारी एवं पेंशनर अभी भी इस लाभ से वंचित हैं। यह स्थिति कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण है। संघ ने मांग की है कि राज्य के सभी कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्रीय कर्मचारियों के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत स्वीकृत किया जाए तथा लंबित एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ खातों में किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों के लिए विधानसभा के बजट सत्र में घोषित कैशलेस चिकित्सा सुविधा के नियम एवं आदेश तत्काल जारी करने, सेवानिवृत्ति पर अवकाश नकदीकरण की सीमा 240 दिनों से बढ़ाकर 300 दिन करने, संविदा, दैनिक वेतनभोगी एवं अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित करते हुए सेवा सुरक्षा प्रदान करने, शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना का लाभ देने तथा अनुकंपा नियुक्ति में लागू 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त कर सभी पात्र प्रकरणों में नियुक्ति प्रदान करने की मांग भी की जाएगी।

## रामपुर विधायक ने लेमरू क्षेत्र का किया दौरा, विकास कार्यों की दी सौगात



सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते विधायक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रामपुर विधानसभा विधायक फूल सिंह राठिया का लेमरू क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुटुरवा में आगमन हुआ। इस दौरान श्री राठिया ने न केवल क्षेत्र का दौरा किया बल्कि आम जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया। ग्राम कुटुरवा और चर्चा पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने विधायक श्री राठिया का पारंपरिक नाच-गान और गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। चर्चा के दौरान क्षेत्र के विकास और युवाओं की सुविधा के लिए ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष मुख्य रूप से स्थानीय युवाओं के लिए क्रिकेट मैदान को सार्वजनिक (शासकीय) घोषित कर बेहतर बनाने, क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े, इसलिए स्थानीय स्कूल को हायर सेकेंडरी (12वीं) तक उन्नयन (अपग्रेड) करने, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन के निर्माण की मांग रखी। जनता की जायज मांगों को सुनते हुए माननीय विधायक फूल सिंह राठिया ने संवेदनशीलता दिखाई।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि मैं तामेश्वर पटेल पिता रामनारायण पटेल, उम्र 40 वर्ष, निवासी पता महावीर चौक, वार्ड-10, सोनादुला, पोस्ट सांकर, थाना व तहसील अकलतरा, जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ यह शपथ करता हूँ कि मेरी 13 वर्षीय पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश अन्नपूर्णा पटेल (ANNAPURNA PATEL) दर्ज हो गया हैं, जो कि गलत दर्ज हो गया हैं। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम जैस्वी पटेल (JAISVI PATEL) दर्ज हैं, उसके शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजो एवं जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है जो सही व सत्य है। मेरी पुत्री का नाम अन्नपूर्णा पटेल (ANNAPURNA PATEL) से बदल कर कर आधार कार्ड में जैस्वी पटेल (JAISVI PATEL) नाम दर्ज करवाना चाहता हूं, अब भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचना जावे, जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत हैं।

दिनांक-10/06/2026

शपथकर्ता
तामेश्वर पटेल
पिता रामनारायण पटेल
पता - ग्राम सोनादुला, पोस्ट सांकर, थाना व तहसील अकलतरा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)
मोबाईल नंबर 91444-44520

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार की ओर से पाये हुवे अधिकार व निर्देश के सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा गोविंद राम सिदार आ. श्री साहू सिंह, जाति गोड़ निवासी : केनाभाठा, मदनपुर, खरसिया, जिला - रायगढ़ से उसके भूमिस्वामी हक व आधिपत्य की ग्राम-तरौद, प.ह.नं. 22, रा.नि.मं.-नरियरा, तहसील - अकलतरा, जिला-जांजगीर-चांपा स्थित भूमि खसरा नंबर 811/1, 811/3, 812 /4 रकबा क्रमशः 0.3970 हे. 0.3160 हे., 0.1860 हे. को क्रय करने का सौदा किया गया है और शीघ्र ही उपरोक्त सौदाशुदा भूमि का विक्रेता गोविंद राम सिदार को बचत प्रतिफल देकर विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना है इसलिए इस आम सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के उपरोक्त सौदाशुदा भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर या दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय के पते पर करें, अन्यथा उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात मेरा पक्षकार सौदाशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन विक्रेता गोविंद राम सिदार से कराने के लिए अग्रसर हो जावेगा।

सूचना जाने ।

दिनांक : 08/06/2026

(हरेकृष्ण तिवारी) अधिवक्ता
पताः फरिश्ता कॉम्पलेक्स के सामने, पचरी पारा, स्टेशन रोड दुर्ग (छ.ग.)

## जागरूकता दिवस पर रेलवे ने चलाया विशेष अभियान



**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर कोरबा क्षेत्र में रेलवे द्वारा एक विशेष साप्ताहिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रेल प्रशासन लोगों को सुरक्षित सफर और रेलवे फाटकों को पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक कर रहा है।

मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के निर्देशन पर रेलवे की एक संयुक्त टीम ने विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर मोर्चा संभाला। अभियान के दौरान टीम ने समपार फाटक संख्या सीजी 24 (भिलाई फाटक), समपार फाटक संख्या सीजी 19 (पताढी फाटक), कोरबा रेलवे स्टेशन, उरगा रेलवे स्टेशन में संयुक्त टीम ने कमान संभाली। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रेलवे के विभिन्न विभागों ने एक साथ मिलकर काम किया, जिसमें संरक्षा विभाग, परिचालन विभाग, विद्युत (परिचालन) विभाग, रेलवे सुरक्षा बल, इंजीनियरिंग विभाग शामिल थे। अभियान के दौरान टीम ने आम नागरिकों और यात्रियों को समझाइश दी और संरक्षा निर्देशित पर्चे भी बांटे। रेलवे अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि समपार फाटक केवल खुले होने की स्थिति में ही पार करें। कभी भी बंद समपार फाटक के नीचे से या बगल के रास्ते से निकलने का जोखिम न उठाएं। आपकी एक छोटी सी लापरवाही आपके और आपके पूरे परिवार के लिए बड़ा नुकसान खड़ी कर सकती है।

जाँजगीर मार्केट

फनीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलरः अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेषः सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# वेलकम टू द जंगल ने रिलीज से पहले ही कमाए 120 करोड़

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' ने ओटीटी, सैटेलाइट, ऑडियो और दूसरे राइट्स बेचकर करीब 120 करोड़ कमा लिए हैं। यानी फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपनी लागत का बड़ा हिस्सा निकाल लिया है, जिससे मेकर्स को काफी राहत मिली है। एक ट्रेड सोर्स के अनुसार, 'फिलहाल मेकर्स ने करीब 120 करोड़ का डील फाइनल कर लिया है। अब उन्हें थिएटर से उतनी ज्यादा कमाई की जरूरत नहीं होगी। 'वेलकम'एक बड़ा और पॉपुलर फ्रेंचाइजी है। इसके पहले दो पार्ट 'वेलकम' (2007) और 'वेलकम बैक' (2015) लोगों को खूब पसंद आए थे।



लाइफ Style

# हिना
## हम सभी करते हैं गलतियां

'भाबीजी घर पर हैं'के निर्माता पर यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप के खुलासे के बाद शिल्पा शिंदा सुर्खियों में हैं। वहीं, शिल्पा शिंदे पर जुबानी हमला करने के बाद हिना खान भी लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हिना ने शिल्पा शिंदे की आलोचना की थी। इसके बाद हिना को लोगों ने निशाने पर लिया था।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


अब हिना खान ने आलोचकों को जवाब दिया है। हिना खान ने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के लिए नोट साझा किया है। ट्रोलिंग के बीच एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स के लिए एक संदेश साझा किया, इसमें उन्होंने नफरत की जगह दयालुता को चुनने की अपील की। हिना ने लिखा, 'हम सभी गलतियां करते हैं और समय के साथ हम सभी बदलते हैं। मैंने यहां-वहां कुछ ट्वीट पढ़े, मैंने हमेशा नफरत के बजाय दयालुता, प्यार और ह्यूमिनिटी को चुना है। अगर आप मेरे फैन हैं, तो मैं आपसे भी इसी दृढ़ता और स्पष्टता के साथ व्यवहार करने की अपील करती हूं।'अभिनेत्री ने अपने फॉलोअर्स को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि दूसरों के प्रति नफरत और कठोर व्यवहार किए बिना हमें अपनी बात मनवाने के लिए इतना नीचा नहीं गिरना चाहिए। हम अमानवीय या नफरत भरे हुए बिना भी ऐसा कर सकते हैं। हम हमेशा शालीनता से अपनी बात रख सकते हैं और फिर भी प्रभावी हो सकते हैं। करुणा और प्रेम हमारी ताकत होनी चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते और उन लोगों की तरह व्यवहार करते हैं जो बेकार में नफरत फैलाते हैं और ट्रोल करते हैं, तो मैं आपको ब्लॉक कर दूंगी, चाहे आप मेरे फैन ही क्यों न हों।

हॉलीवुड मसाला



# मेहमानों को दिया सनस्क्रीन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर निक जोनस हमेशा अपनी बीवी प्रियंका चोपड़ा की तारीफ में लगे रहते हैं, चाहे वो पॉप स्टार हों, एक्टर हों या निर्माता, लेकिन उनके फैंस अक्सर उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी एक्साइटेड रहते हैं। एक बातचीत के दौरान उन्होंने प्रियंका के 40वें जन्मदिन के जश्न में किए गए अपने एक नेक काम के बारे में भी बताया। निक ने बताया कि उन्होंने जश्न में आए सभी मेहमानों को सनस्क्रीन गिफ्ट में दी थी, ताकि वे गर्मी से सुरक्षित रहें। निक ने प्रियंका को लेकर कहा, 'वह बहुत प्यारी हैं।




# हैरी पॉटर के किरदार में ढले बॉलीवुड सितारे

लॉस एंजिल्स। 'हैरी पॉटर' सीरीज साल 2001 से 2011 के बीच रिलीज हुई सिनेमा इतिहास की सबसे अधिक कमाई करने वाली फ्रेंचाइजी में से एक है। जरा सोचिए, अगर यही सीरीज बॉलीवुड में बनी होती तो कौन से एक्टर किस रोल में फिट होते। दिमाग के इसी फितूर को रियल में तैयार किया है एआई ने और दिखाया है कि 'हैरी पॉटर' बॉलीवुड कलाकारों के साथ बनती तो सब कैसे दिखते। अब 'हॉगवर्ट्स' के उस इमैजिनेशन की झलक देखते हैं जहां हमारे बॉलीवुड के सितारे 'हैरी पॉटर' सीरीज के किरदार में कैमरे के सामने पोज देते नजर आ रहे हैं। इनमें से कुछ तो इतने मिलते-जुलते दिख रहे हैं कि दर्शक हैरान हो रहे। एआई जेनरेटेड इस वीडियो में कार्तिक आर्यन से लेकर वरुण धवन, कृति सेनन, सैफ अली खान जैसे तमाम कलाकार नजर आ रहे हैं।



# हीरोइन को ऑब्जेक्ट दिखाने पर भड़कीं

**नई दिल्ली।** पेद्दी आई और जाह्नवी कपूर के बोल्ड सीन्स पर विवाद छिड़ गया। पहले सोशल मीडिया पर महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई करने का मुद्दा गरमाया, अब सेलिब्रिटीज भी इस मुद्दे पर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक... फिल्मी सितारे हीरोइनों को ऑब्जेक्ट की तरह दिखाने के लिए पेद्दी के मेकर्स पर नाराज हुए। अब जया बच्चन और करीना कपूर खान ने हीरोइनों को ऑब्जेक्टिफाई करने पर अपना रिएक्शन दिया और बताया कि एक बार उनके साथ भी ऐसा हुआ था। जया ने अपने दिन याद किए, जब उन्हें फिल्म में ज्यादा बोल्ड दिखाने की कोशिश की जा रही थी। एक्ट्रेस ने एक बातचीत में कहा- किसी ने भी मेरे साथ हद पार करने की हिम्मत नहीं की। मेरे साथ सिर्फ एक बार ऐसा बुरा अनुभव हुआ था जब एक डायरेक्टर ने मुझे एक 'ऑब्जेक्ट' की तरह देखा था।



# हमारे परिवार की परंपरा है लॉयल रहना

**मुंबई।** एक्टर माधवन ने हाल ही में अपनी पत्नी सरिता के साथ शादी की 27वीं सालगिरह मनाई है। उन्होंने एक बार बताया था कि उनके लिए शादी में लॉयल रहना कभी मुश्किल क्यों नहीं रहा। उन्होंने कहा कि कई खूबसूरत एक्ट्रेसेस के साथ काम करने के बावजूद, उन्हें हमेशा पता रहा कि उनके लिए सबसे ज्यादा जरूरी क्या है। माधवन ने पत्नी सरिता के प्रति वफादारी पर बात करते हुए कहा कि उनके लिए लॉयल रहना बिल्कुल नेचुरल है और यह उनके परिवार की आदत भी है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है लॉयल रहना हमारे परिवार की परंपरा है। मेरे परिवार के लोग जिंदगी के आखिर तक जमशेदजी टाटा के प्रति भी उतने ही लॉयल रहे कि हमारे घर में भगवानों के साथ उनकी फोटो भी माला के साथ लगी रहती थी। इसलिए, सच कहूं तो मुझे लॉयल न रहने के लिए अलग से कोशिश करनी पड़ेगी।'

टीवी मसाला



# जेनिफर तलाक के 11 साल बाद बनेंगी दुल्हन, विलियम ने चुराया दिल

**नई दिल्ली।** जेनिफर विंगेट अपने तलाक के करीब 11 साल बाद एक बार फिर से शादी को लेकर चर्चा में हैं। अपनी पर्सनल लाइफ को प्राइवेट रखने वालीं जेनिफर की शादी को लेकर पिछले कुछ समय से काफी अटकलें लग रही थीं। अब उनके करीबी सूत्रों के मुताबिक, एक्ट्रेस अपनी लाइफ का अगला जरूरी कदम उठाने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बताया गया है कि जेनिफर विलियम इस्माइल के साथ शादी रचाने जा रही हैं। इस्माइल विलियम सिंगापुर स्थित बिजनेसमैन हैं, जिनके साथ जेनिफर पिछले कुछ समय से डेट कर रही हैं। कहा जा रहा है कि छुट्टियों के दौरान विलियम ने जेनिफर को शादी का ऑफर दिया और जवाब में उन्होंने हां कर दी है। अब दोनों इस वक्त शादी को लेकर प्लानिंग में जुटे हैं। खबरों के मुताबिक, जेनिफर ने वेंडर्स से लेकर शादी से जुड़ी अन्य तैयारियां शुरू कर दी हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोनों की ये शादी क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से होनी है और सितंबर-अक्टूबर या फिर दिसंबर से लेकर अगले साल जनवरी के बीच कभी भी हो सकती है। बताया जा रहा है कि फिलहाल वो शादी के लिए सही डेस्टिनेशन की तलाश कर रही हैं। खबर ये भी है कि उन दोनों के करीबी दोस्त रहे हरलीन सेठी और जेनेलिया देशमुख जैसे उनके करीबी दोस्तों को उनकी शादी की प्लानिंग का पता है।

## 'उनकी सोच 60 साल पुरानी'

**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्टर ललित परिमू ने महिलाओं द्वारा यौन इच्छा बताने वाले मुकेश खन्ना के कमेंट का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि



हालांकि हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है, लेकिन समाज विकसित हो चुका है और आज महिलाएं अपनी पसंद और जरूरतों के बारे में कहीं अधिक खुलकर बोलती हैं। सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत में परिमू से मुकेश खन्ना के उस बयान के बारे में पूछा गया, जिसमें उन्होंने कहा था, 'कोई भी लड़की अगर किसी लड़के से कहे 'मैं तुम्हारे साथ इंटिमेट होना चाहती हूं, तो वो लड़की नहीं है, वो धंधा करती है।' कमेंट का जवाब देते हुए ललित परिमू ने कहा- इस मामले में मुकेश जी पिछली पीढ़ी के हैं। वो शायद अभी भी 50 या 60 साल पहले वाली भारतीय महिला, भारतीय मिडिल क्लास की पढ़ी-लिखी महिला को देख रहे हैं।' आज तो 10 लड़कियों में से शायद ऐसा कह सकती हैं। कल्चर इतना बदल गया है कि ऐसी कह सकती हैं। औरत के अंदर आज के समय में, खासकर पढ़ी-लिखी, पैसा कमाने वाली और इंटिमेसी में डिमांड करने वाली लड़कियों की कीमत बढ़ गई है।'

# *राख से करुप्पु तक, इस वीक ओटीटी पर होगा भरपूर मनोरंजन, रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज*

*नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। सिनेमाघरों में इस वीक खूब बहार रहेगी। मैं वापस आऊंगा, मां इंटी बंगाराम और भारत भाग्य विधाता सहित कई चर्चित फिल्में थिएटर्स में सजने वाली हैं। मगर, ओटीटी पर भी एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज मिलेगा।*

***राख** : इस वीक अली फजल की वेब सीरीज 'राख' दस्तक देगी। इसमें सोनाली बेंद्रे भी अहम भूमिका में हैं। इस वेब सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय ने किया है। वो इससे पहले 'पाताललोक' सीरीज का निर्देशन भी कर चुके हैं। यह क्राइम इन्वेस्टिगेशन सीरीज 12 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी।*

***मां है ना** : यह शिल्पा शेट्टी का कुकिंग रियलिटी शो है। इस शो में जेन-जी सेलेब्स अपनी मां के साथ हिस्सा लेंगे। 10 एपिसोड की यह नॉन-फिक्शन सीरीज छह जेन जेड सेलेब्रिटीज और उनकी मांओं को एक साथ लाएगी। 'मां है ना' 12 जून 2026 से जी5 पर रिलीज होगा।*




***एवरी ईयर आफ्टर** : अगर आपको रोमांटिक ड्रामा सीरीज देखने का मन है, तो इस वीक 'एवरी ईयर आफ्टर' देख सकते हैं। यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। दर्शक इसे 10 जून, 2026 से देख सकते हैं। यह आठ एपिसोड की सीरीज है। यह सीरीज 'एवरी समर आफ्टर' नॉवेल पर आधारित है। कहानी बचपन के दो दोस्तों के बारे में है, जो एक उलझी हुई स्थिति में फंस जाते हैं और प्यार व सोलमेट के कॉन्सेप्ट पर सवाल उठाने लगते हैं।*

***ड्रिडम** : इस वीक की ओटीटी लिस्ट में 'ड्रिडम' भी शामिल है। मलयालम भाषा की यह फिल्म सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने को तैयार है। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो एक पुलिस वाले की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर 12 जून से देखा जा सकता है।*

***तारकटा** : बंगाली सीरीज 'तारकटा' भी आप देख सकते हैं। यह एक्शन-थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 12 जून, 2026 से जी5 पर रिलीज होगी। इसमें विक्रम चटर्जी, प्रियंका सरकार और मियांग चांग अहम भूमिकाओं में हैं।*

***करुप्पु** : सूर्या और तृषा कृष्णन की फिल्म 'करुप्पु' भी सिनेमाघरो के बाद अब ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह एक्शन ड्रामा फिल्म 12 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। आरजे बालाजी निर्देशित इस फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।*

## मैं वापस आऊंगा टीम ने अटारी बॉर्डर पर रचा इतिहास
# रहमान ने गाया 'मां तुझे सलाम'

**नई दिल्ली।** फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' की टीम ने अटारी बॉर्डर (पंजाब) पर देश के वीर जवानों को एक बेहद खूबसूरत और भावुक श्रद्धांजलि दी। ऑस्कर विजेता संगीतकार ए आर रहमान ने पहली बार अटारी बॉर्डर पर लाइव परफॉर्मेंस दी है। जिसे देखने के लिए स्टेडियम में हजारों लोग मौजूद थे। ए.आर. रहमान ने 'चंदा सूरज लाखों तारे' गाने से शुरुआत की। इसके बाद मोहित चौहान, वेदांग रैना, नीलांजना घोष और पूजा तिवारी जैसे कलाकारों ने फिल्म के नए गानों पर शानदार परफॉर्मेंस दी। कार्यक्रम का समापन रहमान के मशहूर देशभक्ति गीत 'मां तुझे सलाम' के साथ हुआ, जिससे पूरा स्टेडियम जोश और तालियों से गूंज उठा। यह खास कार्यक्रम सीमा सुरक्षा बल के जवानों के सम्मान में आयोजित किया गया था, जिसका नाम था 'जय हो- ए म्यूजिकल सैल्यूट टू द ब्रेवहार्ट्स'। इस दौरान फिल्म के डायरेक्टर इम्तियाज अली, एक्टर वेदांग रैना और 'मैं वापस आऊंगा'के निर्माताओं ने जवानों का आभार मानकर कार्यक्रम की शुरुआत की। फिल्म के गानों को



देश के सैनिकों के साहस को समर्पित किया गया। मैं वापस आऊंगा को लेकर इम्तियाज अली ने कहा, 'यह फिल्म 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन की कहानी पर आधारित है। यह हमें याद दिलाती है कि उस दौर में सिर्फ जमीन ही नहीं, बल्कि लोगों के दिल भी टूटे थे। हम इस फिल्म के जरिए प्यार और एकता का संदेश देना चाहते हैं।' फिल्म मैं वापस आऊंगा में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, शरवरी और वेदांग रैना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान का है और गाने इरशाद कामिल ने लिखे हैं। यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## राज कपूर का वो भाई, जिसे सिनेमा ने भुलाया!
# फिल्मों का अमीर सेठ, हीरोइनों का खड़ूस बाप, आवाज से थरति थे हीरो



*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कपूर खानदान का रुतबा आज भी जारी है। ये रुतबा आज या कल से नहीं बल्कि कई दशकों से है। कपूर खानदान की जड़ें हिंदी सिनेमा में काफी पहले से हैं और यही वजह है कि कपूर खानदान के लोग आज भी सिनेमा में एक्टिंग कर रहे हैं। पृथ्वीराज कपूर से शुरू हुआ कारवां आज रणबीर कपूर और करीना कपूर तक आ पहुंचा है, लेकिन इसी कपूर खानदान में एक ऐसा भी स्टार आया जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। कौन है वो फिल्मों का अमीर सेठ और हीरोइन का खड़ूस बाप, जिसकी एक आवाज से थर्रा उठते थे सिनेमाघर, आज कहानी उन्हीं की...*

### कौन थे पिंचू कपूर?

कपूर खानदान के जिस एक्टर की हम बात कर रहे हैं असल में वह पिंचू कपूर थे। वही पिंचू कपूर जो असल में राज कपूर के भाई थे। पिंचू कपूर पृथ्वीराज कपूर के भतीजे और शोमैन राज कपूर, शम्मी कपूर और शशि कपूर के कजिन भाई (चचेरे भाई) थे। इसके बावजूद उन्होंने इंडस्ट्री में कभी इस नाम का सहारा नहीं लिया और खुद को एक स्वतंत्र कलाकार के रूप में स्थापित किया। यही वजह है कि उन्होंने सिनेमा में कई फिल्में की, लेकिन यह बहुत कम लोगों को मालूम था कि वो असल में कपूर खानदान से ताल्लुक रखते हैं। पिंचू कपूर का जन्म 1927 में अविभाजित भारत के रावलपिंडी (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। बाद में उनका परिवार भारत के जयपुर में आकर बस गया। उनका असली नाम लाल पुष्पेंद्र कपूर था। हालांकि, लोग उन्हें पिंचू कपूर के नाम से जानते थे।

### अपनी अलग पहचान बनाई

कभी वो हीरोइन के खड़ूस बाप बनते थे, तो कभी अमीरी का रुतबा दिखाते हुए नजर आते थे। जज, वकील, पुलिस कमिश्नर, अमीर बिजनेसमैन या कड़क पिता के किरदारों ने उन्हें अलग पहचान दिलाई। उस दौर में जहां विलेन बहुत लाउड हुआ करते थे, पिंचू कपूर ने बड़े ही शांत और स्टाइलिश विलेन के तौर पर खुद को पेश किया, जो धोखे से जाल बुनते थे। इस तरह से उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी। 28 अप्रैल 1989 को महज 62 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया।

### असल जिंदगी में भी रहते थे ठसन से

इसके बाद वह साल 1978 में डॉन में दिखे। इस फिल्म में उन्होंने इंटरपोल ऑफिसर आर.के. मलिक की बेहद अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म का वो सीन आज भी याद किया जाता है, जिसमें नकली बने अमिताभ बच्चन उन्हें पहचानते हैं। इसके बाद वह अवतार, कर्ज, झूठा कहीं का, कामचोर, शराबी और हकीकत समेत कई फिल्मों में वह नजर आए। बड़ी बात यह है कि उन्हें ज्यादातर फिल्मों में अमीर सेठ के किरदार में देखा गया। जी हां, असल में जिंदगी में भी वह काफी ठसक में रहते थे। उनका परिवार रसूखदार था। वहीं, फिल्मों में भी उन्हें इसी तरह के किरदार मिलते थे।

### 70- 80 के दशक में फिल्मों में छोड़ी गहरी छाप

हिंदी सिनेमा के इतिहास में जब भी रौबीले और कड़क किरदारों की बात होती है, तो पिंचू कपूर का नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है। अपनी कड़क आवाज, सूट-बूट वाली शानदार पर्सनालिटी और सधे हुए अभिनय के दम पर उन्होंने 70 और 80 के दशक की फिल्मों में एक गहरी छाप छोड़ी। सिनेमा में आने से पहले वो थिएटर किया करते थे। थिएटर करने के बाद उन्हें लगा कि अब उन्हें सिनेमा में हाथ आजमाना चाहिए तो वो जयपुर से सीधा अपने भाइयों राज कपूर और शशि कपूर के पास आ गए। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 60 के दशक में की थी। शुरुआत में वह यहूदी, हाउसहोल्डर और दो बूंद पानी जैसी फिल्मों में दिखे। हालांकि, असली ब्रेक उन्हें साल 1973 में आई बॉबी से मिला। भाई राज कपूर की इस फिल्म में वह राज शर्मा (ऋषि कपूर के दोस्त के पिता) के किरदार में दिखे।

## खबर संक्षेप

### साहू संघ ने पौधे वितरित कर एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील



**जांजगीर-चांपा।** एक पेड़ नाम के तहत साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष के आह्वान पर राजकुमार साहू संयोजक व्यापार प्रकोष्ट प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ एवं जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति द्वारा नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पोड़ी में बादाम का पौधा लगाया गया और उपस्थित समाज के लोगों को पौधे वितरण कर एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की गयी। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए राजकुमार साहू ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान है। पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू की गई इस मुहिम का उद्देश्य माता के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति समर्पण को बढ़ावा देना है। इस दौरान जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष प्रेमशंकर साहू सचिव फिरतु साहू, महिला सचिव रत्ना साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलेश्वर साहू, लखन लाल साहू, मनहरण लाल साहू, भुनेश्वर साहू, संजय साहू गजानंद साहू, बीना साहू, दुखुराम साहू, रामलाल साहू, नोहरलाल साहू, कला राम साहू, जीवन लाल साहू सहित साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

### महाराणा प्रताप जयंती पर क्षत्रिय कुल दीपक सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया 17 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रवीर महाराणा प्रताप जयंती समारोह के आयोजन हेतु राजपूत क्षत्रियों की आवश्यक बैठक महाराणा प्रताप चौक जांजगीर नैला स्थित प्रतिमा स्थापना स्थल पर 7 जून को संपन्न हुई। इस अवसर पर समस्त राजपूत क्षत्रियों, मातृ शक्ति क्षत्राणियों एवं युवा प्रतिभाओं के समागम से जिला मुख्यालय जांजगीर में भव्य शोभायात्रा, 10 वीं एवं 12 वीं में 80 प्रतिशत से ऊपर प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों को क्षत्रिय कुलदीपक अलंकरण से सम्मान एवं राजपूत क्षत्रिय परिवारिक मिलन समारोह के रूप आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री घोषणा के प्रतिपालन कलेक्टर जांजगीर चांपा द्वारा नगर पालिका जांजगीर नैला एवं पी डब्ल्यू विभाग को जारी आदेश के प्रतिपालन में महाराणा प्रताप चौक जांजगीर नैला में प्रतिमा स्थापना हेतु अग्रिम कार्यवाही अतिशीघ्र करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर चौक में बैठक व्यवस्था हेतु स्थापित किए गए टेंट में प्रतिदिन शाम 5 बजे से नियमित बैठक कर गरिमापूर्ण आयोजन हेतु विचार विमर्श का निर्णय लिया गया।

### किसान स्कूल में राज्य स्तरीय मशरूम महोत्सव 26 को

**बहेराडीह।** बहेराडीह में स्थित देश के पहले किसान स्कूल में शुक्रवार 26 जून को राज्य स्तरीय मशरूम ( पुटू ) महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार स्व कुंजबिहारी साहू की जन्म जयंती अवसर पर आयोजित इस मशरूम महोत्सव में प्रदेशभर के किसान, क्रृषि विशेषज्ञ, मशरूम उत्पादक, युवा उद्यमी और क्रृषि क्षेत्र से जुड़े लोग एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मशरूम उत्पादन, प्रसंस्करण विपणन और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। साथ ही किसानों, महिला एवं स्व सहायता समूहों, युवाओं और क्रृषि उद्यमियों को स्व रोजगार के नए अवसरों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। किसान स्कूल टीम के डॉ. सुरेश देवांगन, रामाधार देवांगन ने बताया कि महोत्सव के दौरान विविध प्रकार की प्राकृतिक मशरूम, कृत्रिम मशरूम की प्रदर्शनी आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी। इसके अलावा मशरूम उत्पादन, एवं उद्यमिता विषयक तकनीकी सत्र सफल उद्यमियों का अनुभव साझा कार्यक्रम तथा राज्य स्तरीय मशरूम प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक तकनीकों, बाजार की सम्भावनाओं और मशरूम आधारित व्यवसाय के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले 'मशरूम प्रतियोगिता' में शामिल होने वाले मशरूम उत्पादकों को वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल टीम द्वारा 'मशरूम मित्र सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा।

करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पानी टंकियां और बिछाई गई पाइप लाइनें साबित हो रही शोपीस


# हर घर नल-जल योजना कागजों में, जमीनी हकीकत में ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को मोहताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था, लेकिन जिले के कई गांवों में यह योजना केवल कागजों तक ही सीमित होकर रह गई है। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पानी टंकियां और बिछाई गई पाइपलाइनें ग्रामीणों को सुविधा देने के बजाय शोपीस बनकर खड़ी हैं। जलापूर्ति व्यवस्था ठप होने के कारण ग्रामीण आज भी हैंडपंपों और अन्य वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर रहने को मजबूर हैं।

**गोधना में बोर खराब, जलापूर्ति ठप**-ग्राम गोधना के शांति मोहल्ला में करोड़ों रुपये की लागत से पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। योजना के तहत गांव के घर-घर तक पानी पहुंचाने का दावा किया गया था, लेकिन बोर मशीन खराब होने के कारण जलापूर्ति लंबे समय से बंद पड़ी है। नलों में पानी नहीं आने से ग्रामीणों को घरों की जरूरतों के लिए हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में महिलाओं को दूर-दूर तक जाकर पानी भरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

**कुकदा में सीपेज ने बिगाड़ी व्यवस्था**-ग्राम कुकदा में भी नल-जल योजना की स्थिति बदहाल बनी हुई है। यहां पानी टंकी निर्माण के बाद जैसे ही उपयोग में लाई गई, उसमें सीपेज की समस्या शुरू हो गई। टंकी में पानी भरना संभव नहीं हो पाया और पूरी जलापूर्ति व्यवस्था ठप हो गई। ग्राम सरपंच संतोष भारद्वाज ने बताया कि इस समस्या को लेकर दो बार सुशासन तिहार में आवेदन प्रस्तुत किया गया, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिणामस्वरूप ग्रामीणों को आज भी हैंडपंपों से पानी भरना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि नहाने और अन्य घरेलू उपयोग के लिए कई लोगों को तालाब के गंदे पानी का उपयोग करने की मजबूरी झेलनी पड़ रही है।


शोप पीस बनी पानी टंकी।

### बोरदा में बिजली बिल और कर्मचारियों के वेतन के अभाव में बंद हुई योजना

ग्राम बोरदा में पानी टंकी बनकर तैयार होने के बाद कुछ महीनों तक जलापूर्ति की गई थी। बाद में योजना का संचालन ग्राम पंचायत को सौंप दिया गया। पंचायत के सामने बिजली बिल भुगतान और कर्मचारियों के वेतन की समस्या खड़ी हो गई। स्थानीय स्तर पर बताया गया कि पर्याप्त फंड उपलब्ध नहीं होने के कारण योजना का संचालन संभव नहीं हो पाया और अंततः नल-जल योजना बंद कर दी गई। इससे एक बार फिर ग्रामीणों को पुराने जल स्रोतों पर निर्भर होना पड़ा।

### कुरियारी में पाइपलाइन बिछी, घरों तक नहीं पहुंचा पानी

ग्राम कुरियारी में भी करोड़ों रुपये खर्च कर पानी टंकी का निर्माण कराया गया और गांव के अधिकांश घरों तक पाइपलाइन बिछाकर नल कनेक्शन दिए गए। इसके बावजूद आज तक किसी भी हितग्राही के घर में नियमित रूप से पानी नहीं पहुंच सका। ग्राम सरपंच सरस्वती कश्यप ने बताया कि योजना अपने उद्देश्य को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। ग्रामीणों को आज तक पेयजल सुविधा नहीं मिल पाई है। उनके अनुसार केवल टंकी और पाइपलाइन बनाकर योजना को पूरा दिखा दिया गया, जबकि जमीनी स्तर पर लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिला। जिले के कई गांवों में एक जैसी समस्याएं सामने आने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



# बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

नगर में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और ट्रांसफार्मरों की कम क्षमता की समस्या को लेकर भाजयुमो शिवरीनारायण मंडल अध्यक्ष ललित कश्यप के नेतृत्व में युवाओं ने विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा।

- बिजली समस्या को लेकर भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में नगर के सभी वार्डों में सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, लो-वोल्टेज की समस्या दूर करने तथा आवश्यकता अनुसार नए और उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में ललित कश्यप, मंडल अध्यक्ष भाजयुमो शिवरीनारायण मंडल एवं पार्षद प्रतिनिधि वार्ड क्रमांक-12, सत्येन्द्र केवट, पार्षद वार्ड क्रमांक-14 एवं भाजयुमो मंडल कार्यसमिति सदस्य, आकाश यादव (महामंत्री), अमन मुकीम (कोषाध्यक्ष), वैभव केशरवानी (प्रचार-प्रसार प्रभारी) तथा आशीष दुबे (मंडल सोशल मीडिया प्रभारी)राजा यादव आशीष कुम्भकार शामिल रहे। ज्ञापन में बताया गया कि नगर में बढ़ती आबादी और विद्युत मांग के कारण मौजूदा ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है, जिससे बार-बार बिजली बाधित होने और लो-वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे आम नागरिकों के साथ व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में कनिष्ठ यंत्री विद्युत वितरण केंद्र तुस्मा एन.के. नेताम ने बताया कि शिवरीनारायण नगर में लगे सभी ट्रांसफार्मरों की जल्द तकनीकी समीक्षा कराई जाएगी। जहां आवश्यकता होगी वहां उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे तथा जरूरत वाले क्षेत्रों में नए ट्रांसफार्मरों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा नगरवासियों को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# नागरिकों एवं व्यापारियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की दी गई जानकारी



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के बारे में जानकारी देते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा नगर पालिका के सहयोग से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित

अभियान के तहत चांपा तहसील कार्यालय परिसर, रेलवे स्टेशन चांपा एवं मोदी चौक क्षेत्र में जागरूकता रैली निकालकर नागरिकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आमजन को कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन, स्रोत स्तर पर कचरे के पृथक्करण तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। अभियान के दौरान नागरिकों एवं व्यापारियों के मध्य पाम्पलेट वितरित कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि पूर्व में प्रचलित दो डस्टबिन व्यवस्था के स्थान पर अब चार रंगों के डस्टबिनों का उपयोग किया जा रहा है। इसके अंतर्गत हरे डस्टबिन में गीला कचरा, नीले डस्टबिन में सूखा कचरा, लाल डस्टबिन में सैनिटरी अपशिष्ट तथा काले डस्टबिन में घरेलू खतरनाक अपशिष्ट एकत्रित किया जाना है। इससे कचरे के उचित निस्तारण एवं पुनर्चक्रण को बढ़ावा मिलेगा तथा पर्यावरण प्रदूषण में कमी आएगी। अभियान के दौरान नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने, प्लास्टिक अपशिष्ट को पृथक रूप से संग्रहित करने तथा पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को रिसाइक्लिंग हेतु उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छ एवं हरित चांपा के निर्माण में जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

### उज्ज्वला योजना में कटौती गरीब वर्ग के हितों के खिलाफ : गुप्ता



**चांपा।** केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मिलने वाले गैस सिलेंडरों की संख्या में कटौती किए जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय गरीब एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों के हितों के खिलाफ है और इससे उज्ज्वला योजना के लाखों लाभार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। नागेंद्र गुप्ता ने कहा कि पहले लाभार्थियों को वर्षभर में 12 रियायती गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाते थे अगस्त 2025 में घटकर प्रतिवर्ष 9 सिलेंडर कर दिया गया था, लेकिन अब जून 2026 को केवल 4 सिलेंडरों तक सीमित करने की बात सामने आ रही है। इससे गरीब परिवारों को शेष समय महंगी रसोई गैस खरीदने अथवा लकड़ी और पारंपरिक ईंधन का सहारा लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता ही समाज की प्रगति का आधार : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

ग्राम बरगवां में जय बजरंगबली कन्नौजिया श्रीवास समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

- समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रू स्वीकृत करने की घोषणा

कार्यक्रम में समाज के युवाओं को परिचय का मंच प्रदान करने के साथ-साथ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा की किसी भी समाज की प्रगति का आधार शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता है। अथिति के रूप में उपस्थित कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव,मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया एवं शाकंभरी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने समाज की एकजुटता, शिक्षा एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।समारोह में रामशंकर श्रीवास केंद्रीय अध्यक्ष, महेन्द्र श्रीवास केंद्रीय महासचिव, अलख श्रीवास सहित समाज के संभागीय पदाधिकारी, नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।




छ.ग. पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील पामगढ़ की हुई मासिक बैठक

# पेंशनरों को पेंशन संबंधी दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

छ.ग. पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील पामगढ़ की मासिक बैठक राजकुमार विद्यालय पामगढ़ में सम्पन्न हुई। रतन लाल कैवर्त्य प्रांतीय महासचिव के मुख्य आतिथ्य एवं नारायण प्रसाद यादव, प्रांतीय प्रवक्ता, बनमाली राम साहू, एच.पी. खरे संयोजक, चैतराम देव खटकर, सलाहकार, सोनाराम यादव के विशिष्ट आतिथ्य में तथा पामगढ़ तहसील अध्यक्ष शंकर लाल आदित्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई।

तत्पश्चात नवागत पेंशनर अशोक तिवारी व अशोक ठाकुर का श्रीफल एवं पुष्पहार से स्वागत कर संघ का सदस्य बनाया गया। मुख्य अतिथि, रतन लाल कैवर्त्य, प्रांतीय महासचिव ने अपनी सारगर्भित भाषा में पेंशन संबंधी जानकारी, धारा 49 के विलोपन के संबंध में विचार प्रकट किए। बैठक में पेंशनरों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बनमाली राम साहू ने संगठन के संबंध में जानकारी दी। वहीं सोनाराम यादव ने अपनी सुंदर कविता के माध्यम से कर्म करते रहने पर बल दिया। चैतराम देव खटकर ने संगठन की प्रशंसा व कविता के माध्यम से सुंदर संदेश प्रदान किए। भगवान वंजारे ने संघ की गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। वहीं बिहारीलाल भारद्वाज ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग एवं आयुर्वेद पर प्रकाश डाला। गोवर्धन प्रसाद साहू ने आई.टी. आर. के महत्व पर बल दिया। संयोजक एच.पी. खरे ने पेंशनर भवन निर्माण के संबंध में बताते हुए कविता पढ़ा। नारायण प्रसाद यादव प्रांतीय प्रवक्ता ने पेंशन, सुविधा एवं अन्य वेतनमान के बारे में बताते हुए आगामी बैठक महासमुंद में होने की जानकारी दी। बैठक में ठण्डा राम मिरी कोषाध्यक्ष का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर श्याम जांगड़े,गोवर्धन प्रसाद साहू, घनश्याम, मोतीलाल निर्मलकर, श्रीधन उपस्थित रहे।


बैठक में उपस्थित पेंशनर।